खबर एक नजर में

## दो आइपीएस का तबादला, चंदन झा बने स्पेशल ब्रांच के एसपी



**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है। वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गुरुवार की देर शाम जारी कर दी गई।

## पिस्तौल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान बड़गाईं छठ तालाब के समीप से दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों के नाम क्रमश मोइन अंसारी और गुलबसर अंसारी है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक देशी कटटा, एक जीवित कारतूस, एक सफेद रंग की सैमसंग मोबाइल बरामद किया है। इनलोगों के खिलाफ सदर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जमीन कारोबारी के अकाउंटेंट की हत्या मामले में आरोपी छोटू कुजूर को नहीं मिली बेल

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी दिवंगत कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के मास्टर माइंड आरोपी छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर की जमानत याचिका को सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। आरोपी ने अपने वकील के माध्यम से बुधवार को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। आरोपी कमल भूषण हत्याकांड का अंजाम देने के बाद लगभग डेढ़ साल तक फरार रहा। इस अवधि में ही वह संजय कुमार की भी हत्या करने में सफल रहा। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छोटू कुजूर के घर कुर्की करने पहुंची। उसी दिन उसे गुमला से गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्ल्यू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। बताते चलें कि संजय कुमार की हत्या 5 जुलाई 2023 को गोली मारकर कर दी गई थी। घटना को लेकर सुखदेवनगर थाना में 5 जुलाई 2023 को 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## रांची जिला झामुमो ने उपायुक्त को लिखा पत्र चुनाव सामग्री संबंधित टेंडर रद्द करने की मांग

**रांची।** जेएमएम रांची जिला समिति ने रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिख टेन्ट, वीडियोग्राफी, ।से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा निर्वाचन कार्य के लिए निकाले गये उक्त निविदा जो अनुमोदित किया गया है। निदेशक कुणाल आजमानी जो भारतीय जनता पार्टी से जुडे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, निविदादाता का किसी राजनैतिक दल अथवा अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन होते पाया गया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी अपने पत्र में झामुमो ने लिखा है- लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशिल होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

### राज्य के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार, और बढ़ेगा तापमान

झारखंड में राजनीतिक तपिश के साथ गर्मी का भी पारा हाई

# झारखंड में अगले पांच दिनों तक चलेगा हीट वेव, येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक तपिश के साथ गर्मी का भी पारा हाई हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्यभर में अगले पांच दिनों तक हीट वेब चलने की आशंका जतायी गयी है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान में इजाफा हो सकता है। वहीं राज्य के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। सबसे अधिक संथाल परगना के गोड्डा का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची का पारा 37.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**आज इन जगहों पर हीट वेव**

मौसम विभाग के अनुसार 26 अप्रैल को कोल्हान के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में उष्ण लहर रहेगी। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के बोकारो एवं धनबाद जिलों के साथ-साथ संथाल परगना के जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी। वहीं 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज में हीट वेव चलने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| गोड्डा में अधिकतम तापमान दर्ज | 44 डिग्री से. |
| राजधानी रांची का अधिकतम तापमान | 37.7 डिग्री से. |



**इन जिलों का पारा 40 डिग्री पार हुआ**

| | |
|---|---|
| पूर्वी सिंहभूम में | 43.7 डिग्री सेल्सियस |
| पलामू में | 41.5 डिग्री सेल्सियस |
| देवघर में | 41.1 डिग्री सेल्सियस |
| गढ़वा में | 41.1 डिग्री सेल्सियस |
| जामताड़ा में | 41.9 डिग्री सेल्सियस |
| पाकुड़ में | 43.4 डिग्री सेल्सियस |
| सरायकेला में | 43.4 डिग्री सेल्सियस |
| साहिबगंज में | 41.4 डिग्री सेल्सियस |
| सिमडेगा में | 40.2 डिग्री सेल्सियस |
| प. सिंहभूम में | 40.6 डिग्री सेल्सियस |
| गोड्डा में | 44 डिग्री सेल्सियस |
| रांची में | 37.7 डिग्री सेल्सियस |

**28 और 29 अप्रैल इन जिलों में हीट वेव का अलर्ट**



28 अप्रैल को राज्य के 24 में से 14 जिलों में हीट वेव चलने की आशंका जताई गई है। जिसमें, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज। 29 अप्रैल को पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद रांची, खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं।

## नगर निगम ने सुबह अतिक्रमण हटाया, शाम में सज गयी दुकानें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम और जिला प्रशासन ने सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शहर के कचहरी रोड, शहीद चौक, मेन रोड, लालपुर, कोकर, अरगोड़ा इलाके में टीम ने सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया। सड़क पर सजी दुकानों के सामान जब्त कर लिये। वहीं ठेला, गुमटी, तिरपालनुमा दुकानों को हटाया गया। सुबह अतिक्रमण हटाने के बाद दोपहर तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहा लेकिन शाम होते ही सड़कों पर फिर से दुकानें सज गईं और बाजार गुलजार हो गया। सड़क पर दुकानें लगीं, तो जाम भी लगने लगा लेकिन न तो निगम व जिला प्रशासन की टीम का कहीं कोई पता था और न ट्रैफिक पुलिस।

**लालपुर, मेन रोड सहित सभी चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाने का है आदेश**

हाइकोर्ट ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लालपुर, मेन रोड, कचहरी रोड, शहीद चौक, अरगोड़ा सहित शहर की प्रमुख सड़कों व चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने को कहा है।

### सरयू राय ने राज्यपाल व सीएम से की भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की शिकायत

## जबरन हथिया रखी है सरकार और ग्रामीणों की 200 एकड़ जमीन: राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने लोकसभा चुनाव में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी और विधायक ढुल्लू महतो की शिकायत की है। प्रेस वक्तव्य जारी करते बताया है कि उन्होंने ढुल्लू के संबंध में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को एक स्मार पत्र भेजा है। इसमें ढुल्लू द्वारा ग्रामीणों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचार का संक्षिप्त ब्यौरा है। विधायक जी के ग्रामवासी भी इससे अछूता नहीं हैं। उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। जेल की उंची दीवार की तरह ऊंची चहारदीवारी खडाकर चारों ओर से घेर लिया है। एक ग्रामीण पथ को भी चहारदीवारी के भीतर कर उसपर बड़ा सा गेट लगा दिया है। इस स्मार पत्र में उपर्युक्त के बारे में ग्रामीणों के नाम सहित आंखों देखा ब्यौरा दिया गया है, जो स्वतः स्पष्ट है। श्री राय ने ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन एवं सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है। सरयू के मुताबिक, राज्यपाल फिलहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर हैं। उनके आने पर वे उनसे मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

### आर्मी ऑन ड्यूटी लिखे ट्रक से बरामद 2245 किग्रा चूरा पोस्ता मामला

## बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद सतपाल को रिमांड पर लेगी सिरसा की एंटी नारकोटिक्स सेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आर्मी ऑन ड्यूटी लिखे ट्रक से बरामद 2245 किग्रा चूरा पोस्ता मामले में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद सतपाल को हरियाणा के सिरसा जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल रिमांड पर लेगी। एंटी नारकोटिस्क की टीम मुख्य सप्लायर सतपाल की तलाश में एक आरोपी को लेकर रांची पहुंची थी। हालांकि रांची पहुंचने पर पता चला कि आरोपी जेल में बंद है।

बता दें कि 22 अप्रैल को हरियाणा में सिरसा जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डोडा चूरा पोस्त से भरे एक ट्रक को दिल्ली सिरसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिंग मोड़ के पास पकड़ा था। रांची से राजस्थान के श्रीगंगानगर जा रहे इस ट्रक से 22 क्विंटल 45 किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया था। पुलिस राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के रहने वाले विकास कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस को पूछताछ में पता चला है, कि बरामद उक्त डोडा चूरा पोस्त झारखंड के रांची क्षेत्र से लाया गया था और उसे राजस्थान के श्रीगंगानगर क्षेत्र में सप्लाई किया जाना था।

बताया जा रहा है कि इस खेप का असली मालिक गंगानगर के सतपाल ही है। पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए आरोपियों ने उक्त ट्रक को काली तिरपाल से ढंक कर ट्रक के आगे आर्मी ऑन ड्यूटी लिखा था। जेले भेजे जाने के बाद आरोपी विकास कुमार को छह दिन के रिमांड पर लेकर एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम झारखंड के रांची पहुंची। पुलिस जिस ढाबे से आरोपी ने ट्रक लिया था और कौन सा व्यक्ति उसे ट्रक देकर गया था, इसका पता लगाने के लिए रांची पहुंची थी। हालांकि मुख्य सप्लायर के जेल में बंद होने की सूचना पर टीम लौट गई। एंटी नारकोटिस्क सेल के एसआई अजय कुमार ने बताया कि आरोपी विकास को लेकर रांची जांच के लिए पहुंचे थे। आरोपी सतपाल को ट्रांजिट रिमांड पर सिरसा लाकर पूछताछ की जायेगी।

## लोक अदालत को लेकर सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त खुद रख रहे निगरानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में 27 अप्रैल को लगने वाले लोक अदालत को सफल बनाने की पुरजोर तैयारी की जा रही है। इसके लिए रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची सिविल कोर्ट परिसर में पक्षकारों के साथ चेक बाउंस और बिजली से जुड़े मामलों लंबित मामलों के निष्पादन के लिए बैठकें कर रहा है।

रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय खुद लोक अदालत होने से पहले सभी तैयारियों की बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने चेक बाउंस और बिजली से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों, बैंक के पदाधिकारी और बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन पर जोर दिया गया। साथ ही लोक अदालत से पहले पक्षकारों को चिन्हित कर नोटिस भेजने का निर्देश दिया गया। अभी तक चेक बाउंस के लगभग 6000 से ज्यादा मामलों को चिन्हित किया गया है और मामलों से जुड़े पक्षकारों को नोटिस भेजा जा चुका है। वहीं विद्युत अधिनियम (बिजली) से जुड़े लगभग 1100 से ज्यादा मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है।

## कृषि पदाधिकारी बन कर लोगों को दे रहा था नौकरी, हो गया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लालपुर थाना पुलिस ने कृषि विभाग का अधिकारी बन नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपये ठगने के आरोपी दीपक कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दीपक कुमार श्रीवास्तव मूल रूप से कोडरमा का रहनेवाला है। पुलिस ने उसके पास से कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद एवं जिला योजना पदाधिकारी का मुहर बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक बैग बरामद किया, बैग में एक लाख 74 हजार पांच सौ रूपये, सात पासबुक, दस खाली चेक, विभिन्न व्यक्तियों के आधार कार्ड और चार मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस को आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके पिता पूर्वी क्षेत्र हजारीबाग में वन क्षेत्र पदाधिकारी थे। वह खुद बनारस के बीएचयू में पढ़ाई की है। दीपक कुमार श्रीवास्तव वन विभाग में पिता के निधन के बाद अनुकंपा पर कुछ दिन नौकरी भी किया था। उसके बाद पैसे की लालच में ठगी करने लगे। दीपक ने कांके होचर के एक वकील साहब से 12 लाख रूपये की ठगी थी। इसके बाद कांके थाना में एक मामला दर्ज किया गया था। इनके विरूद्व कोडरमा कोर्ट में नौ मामला, धनबाद कोट में एक मामला समेत कई मामले दर्ज हैं। पैसे ठगी करने के मामले में इन्हें पांच साल की सजा भी हुई और पांच साल तक होटवार जेल में रहे। फरवरी 2023 में ये होटवार जेल से छूटे और रांची के सुरेंद्र सिंह उर्फ रामा से अपने दोस्त दयानंद प्रसाद के साथ मिलकर 28 लाख की जालसाजी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के नाम पर किया। उसके बाद मेसरा के राजकुमार महतो से 80 हजार और ओरमांझी के अनूप कुमार कुशवाहा से 11 लाख की ठगी खाद्य सामग्री के नाम पर की। दीपक ने तमाड़ की चांदनी और उसकी मां मंजू देवी से नौकरी और गाड़ी, मकान दिलाने के नाम पर 40 लाख की ठगी की। दीपक बोकारो के शशि गुप्ता मर्डर कांड केस में सजा काट कर बाहर निकला है।

नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

# मादक पदार्थों के नौ तस्कर हुए जिला बदर, गुंडा पंजी में जोड़े गये 37 नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इसके तहत अब नशे के सौदागरों को चिन्हित कर उन्हें जिला बदर किया जा रहा है, थाने में हाजिरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी गयी है।

**नौ को किया गया जिला बदर :** रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तारी और नशीले पदार्थों की जब्ती के काम को आगे बढ़ाते हुए अब नशे के सौदागरों के खिलाफ सीसीए के तहत भी कार्रवाई शुरू कर चुकी है। रांची पुलिस के द्वारा नशे के तस्करों को जिला बदर करने की कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत अब तक 9 तस्करों को जिला बदर कर दिया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि जिन तस्करों को जिला बदर किया गया है, उनके घर पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय थाना को यह निर्देश दिया गया है कि जिला बदर किए गए तस्करों पर विशेष नजर रखें। जिससे वे किसी भी हाल में भी शहर में नजर ना आएं, अगर कोई शहर में नजर आता है तो उस पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करें।



**थाना हाजरी के साथ गुंडा पंजी में भी नाम दर्ज**

राजधानी रांची में दो नशे के तस्करों को थाना हाजरी करवाया जा रहा है, दोनों तस्कर फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। वहीं दूसरी तरफ रांची में सक्रिय 37 नशे के तस्करों के नाम गुंडा पंजी में अंकित किया गया है। इसके अलावा सीसीए के तहत 17 के खिलाफ निगरानी प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

### ब्राउन शुगर बेचते एक गिरफ्तार

**रांची।** खेलगांव थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर विक्रेता अभिषेक श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ़्तारी खेलगांव बांधगाड़ी से की है। पुलिस ने उसके पास से छोटे-छोटे ब्राउन शुगर का पुड़िया बरामद किया है। अभिषेक श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि वह पुड़िया को पांच से लेकर छह सौ में ब्राउन शुगर का पुड़िया बेचता है। इस मामले में सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### गिरफ्तारी के बाद निगरानी है महत्वपूर्ण

रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के अनुसार राजधानी को पूरी तरह से नशे के तस्करों से मुक्त करवाने की कार्रवाई पिछले 6 माह में 10 करोड़ से ज्यादा के अफीम डोडा और ब्राउन शुगर जैसे ड्रग्स जब्त किए गए। वहीं अब तक 60 नशे के तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

### आठ सालों के रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

रांची पुलिस के द्वारा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित पिछले 8 वर्षों में जितने भी कांड दर्ज हुए हैं। उन कांडों में जो तस्कर गिरफ्तार किए गए साथ ही कौन-कौन से अभियुक्त जमानत पर बाहर हैं, उन सबकी कुंडली पुलिस खंगाल रही है। पुलिस के द्वारा इसलिए 8 वर्षों के दौरान जो नशे के तस्कर जेल गए थे, फिर जो जमानत पर बाहर निकले। ऐसे में उनके जमानतदार कौन-कौन थे, उनका सत्यापन भी किया जा रहा है, अगर जमानतदार फर्जी पाए गए तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आज मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अंतिम दिन

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क के सामने सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को कैंप का अंतिम दिन है। इस कैंप में जाकर लोग अपना नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। गुरुवार को सुबह 6 बजे से ही कैंप लगाया गया जो रात 9 बजे तक चला। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आज शुक्रवार को आखिरी दिन है। जिन लोगों ने अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है, वो शुक्रवार को सुबह 6 से 9 बजे तक कैंप आकर फॉर्म भर सकते हैं और अपना नाम जोड़वा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मतदाताओं को अपने साथ आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

बता दें कि गुरुवार को कैंप के दौरान एसडीओ उत्कर्ष कुमार समेत जिला प्रशासन के कई लोग मौजूद रहे।

## रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

